दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

सत्यजय टाईम्स

हिन्दी दैनिक

वर्ष-11, अंक 13 वीरवार 13 जनवरी, 2022, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

# अग्रवाल महाविद्यालय ने धूमधाम से मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस



**फरीदाबाद, 12 जनवरी, सत्यजय टाईम्स/सुनील अग्रवाल।** बुधवार को आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत अग्रवाल महाविद्यालय द्वारा देश के महान दार्शनिक व आध्यात्मिक व्यक्तित्व स्वामी विवेकानन्द जी की जन्मतिथि पर अनेक कार्यक्रम आयोजित कर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित कर नमन किया व महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला का श्री गणेश किया।

प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द जी का जन्मदिवस भारत में हर वर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है व स्वामी विवेकानन्द जी की बुद्धिमता और हाजिरजवाबी की पूरी दुनिया कायल थी। प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने कहा कि पश्चिमी देशों को योग वेदांत की शिक्षा से अवगत कराने का श्रेय स्वामी विवेकानन्द जी को ही जाता है व उन्होंने उन्नीसवी शताब्दी के अंत में विश्वपटल पर हिंदू धर्म को एक सशक्त पहचान दिलाई। महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अग्रवाल महाविद्यालय की एनसीसी नेवल यूनिट द्वारा महाविद्यालय में 12 से 16 जनवरी राष्ट्रीय युवा सप्ताह के रुप में मनाया जा रहा है जिसका आज प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता द्वारा शुभारम्भ किया गया। पूरे सप्ताह में विद्यार्थियों के लिए प्रातः भ्रमण, ध्यान, योग, स्लोगन, भाषण व कविता प्रतियोगिता आयोजित कर "युवा सप्ताह" मनाया जाएगा ।

साथ ही साथ "स्वामी विवेकानंद जी का जीवन व दर्शन" विषय पर आज महाविद्यालय की यूथ रेड क्रॉस व सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड द्वारा राष्ट्रीय स्तरीय ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। आज ही के दिन महाविद्यालय की एन.एस.एस. यूनिट द्वारा राष्ट्रीय स्तरीय ऑनलाइन स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इतिहास विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुप्रिया ढांडा द्वारा स्वामी विवेकानन्द जी को पुष्पांजलि अर्पितकार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकगण कमल टंडन, डॉ. के. एल. कौशिक, डॉ. अशोक कुमार निराला, डॉ. रामचंद्र, मनमोहन सिंगला, डॉ. ऋतु, डॉ. पूजा सैनी, सुभाष, उदिता व मोहित हुड्डा ने स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्प भेंट कर उन्हें नमन किया।